सेवावर्धिनी

390B-1, Narayan Peth, " Dattadham"
Rashtrabhasha Bhavan Lane, Pune-411030.
३९० ब-१, नारायण पेठ, दत्तधाम, राष्ट्रभाषा भवन गल्ली, पुणे-४११०३०.
Tel/Fax- (020) 24433606, e-mail:- sevavardhini@gmail.com
Reg. No. F- 19925 Dt. 17/3/1998 under BPT Act 1950

संदर्भ / सेवा / 2013-14 / 13 दि. 18 जून 2013

सस्नेह नमस्कार,

शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा शाश्वत उपजीविका आदि विकासके विषयों मे काम करनेवाली संस्था तथा कार्यकर्ताओंको कई बार विज्ञान तंत्रज्ञान से जुडी समस्याओंका सामना करना पडता है. स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके उपजीविका के बेहतर माध्यम खोजे जा सकते है, यह इन सभी संस्था- कार्यकर्ताओं का अनुभव है. इन समस्याओंका विज्ञान और तंत्रज्ञान के माध्यमसे समाधान निकालना और स्थानीय समाज के विकास में उसीका उपयोग करना यह विकासोन्मुखी कार्य का एक महत्वपूर्ण पहलू है इसी उद्देश्य से " **टेक फॉर सेवा** " **(सर्वसमावेशक और शाश्वत विकास के लिए विज्ञान और तंत्रज्ञान)** इस दो दिवसीय परिषद का आयोजन पुणे में किया गया है. विज्ञान भारती, GIST, सेवासहयोग तथा म. कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था इन संस्थाओंने संयुक्त रूपसे **दि. 28 , 29 सितंबर 2013 (शनिवार, रविवार)** को इस परिषद का आयोजन किया है. बायफ, सेवावर्धिनी तथा योजक इस आयोजन में सहयोगी है.

इस परिषदमे गिने-चुने प्रतिनिधी सामाजिक विकासके संदर्भमें अपने प्रबंध सादर करेंगे, इसके अलावा संस्थाओंको अपने कार्यका, यशस्वी काम का (Success stories) सादरीकरण, पेपर प्रेझेंटेशन या पोस्टर व्दारा करने की सुविधा प्राप्त कर दी जायेगी. सभीका अभिलेखन (Documentation) करके अगले कामके लिए उसका उपयोग किया जायेगा.

इस परिषदमे संस्थाओंको भविष्यकालीन समस्यायें और वे सुलझानेके लिए विज्ञान और तंत्रज्ञानकी कुशलता और संशोधन की जरूरत, आर्थिक समस्या, कार्यालयीन संघटन, अभिलेखन, सादरीकरण आदि विषयोंपर चर्चा तथा मार्गदर्शन का अवसर मिलेगा.

आपसे प्रार्थना है कि, इस परिषद में सहभाग लेने की दृष्टीसे अपनी संस्थाके प्रतिनिधी भेजकर परिषदके यशस्वितामे योगदान दे. परिषदकी पूरी जानकारी संलग्न है.

प्रमोद कुलकर्णी,
मु.का.अधिकारी, सेवावर्धिनी.